## S-28-A

# MID TERM EXAMINATIONS (2018 – 19)

**Second Language - HINDI**

**PART - A & B**

**Class : X** | **(Max. Marks : 80)** | **Time : 2.45 Mts.**

**Time : 2 hrs.** | **PART - A** | **Max. Marks : 60**

**सूचना :** 1) PART - A से संबंधित प्रश्नों के उत्तर उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।

2) PART - A के लिए दो घंटे का समय निर्धारित है ।

3) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है ।

**I. 1. नीचे दिये गये गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो ।** **5 M**

वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में हैं । इनका संबंध देहाती की जनता से है । चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्जापुर और बनारस में गाये जाते हैं । बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं । पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं ।

**प्रश्नः**

1. वास्तविक लोकगीत कहाँ हैं ?
2. लोकगीतों का संबंध किस जनता से है ?
3. बारहमासा और सावन लोकगीत कहाँ गाये जाते हैं ?
4. बाउल और भतियाली किस राज्य के लोकगीत हैं ?
5. पंजाब में गाये जानेवाला लोकगीत कौनसा है ?

**2. निम्न लिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दिये गये विकल्पों से चुनकर लिखिए ।** **5 × 1 = 5**

डा. सर्वेपल्ली राधाकृष्णन महान दार्शनिक एवं शिक्षा शास्त्री थे । वे दर्शन शास्त्र में एम.ए. करने के बाद कई वर्षों तक अध्यापन कार्य करते रहे । सन् 1931 में वे आंध्र

विश्वविद्यालय के उपकुलपति के पद पर नियुक्त किये गये । बाद में वे भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बने थे । उनकी जन्मतिथि 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ।

प्रश्न :

1. महान दार्शनिक एवं शिक्षाशास्त्री कौन थे ? ( )

A) राजेंद्र प्रसाद B) राधाकृष्णन

C) तिलक D) पटेल

2. राधाकृष्णन जी किस विषय में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की ? ( )

A) दर्शन शास्त्र B) सामाजिक शास्त्र

C) गणित शास्त्र D) विज्ञान

3. राधाकृष्णन किस विश्वविद्यालय के उपकुलपति नियुक्त हुए ? ( )

A) वेंकटेश्वरा B) उस्मानिया C) आंध्र D) काकतीय

4. शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है ? ( )

A) 14 नवंबर B) 5 जनवरी C) 2 अक्तुबर D) 5 सितंबर

5. भारत के द्वितीय राष्ट्रपति कौन थे ? ( )

A) जेल सिंग B) वी.वी.गिरि

C) राधाकृष्णन D) एन. एस. रेड्डी

**3. नीचे दिये गये पद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

**$5 \times 1 = 5$**

उलझन में उलझे लोगों को, तथ्य दीप समझायेंगे ।

भटक रहे जो जीवन पथ से, उनको राह दिखायेंगे ।।

हम खुशियों का दीप जला, जीवन ज्योत जलायेंगे ।

हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

प्रश्न :

1. लोग किसमें उलझे हुए हैं ।
2. जीवन पथ से भटकनेवालों को क्या दिखायेंगे ?
3. हमें कैसे दीप जलाना चाहिए ?
4. दुनिया को कौन पावन धाम बनाना चाहते हैं ?
5. इस पद्यांश के कवि कौन है ?

**4. नीचे दिये गये पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखो ।** $5 \times 1 = 5$

प्रिय लगती कोयल की बोली,
भली लगती भ्रमरों की टोली ।
काँव - काँव सुन कर कौए का,
कौन नहीं हो जाता तंग,
रहो सज्जनों के ही संग ॥

प्रश्न :

1. किसकी बोली प्रिय लगती है ? ( )
   A) कोयल B) बटेरा C) चील D) कबूतर
2. किसकी टोली भली लगती है ? ( )
   A) तोता B) तीतर C) भ्रमर D) बटेर
3. काँव-काँव की आवाज किस पक्षी की है ? ( )
   A) कोयल B) चिडिया C) मोर D) कौआ
4. कौए की आवाज से लोग क्या हो जाते हैं ? ( )
   A) तंग B) खुश C) उल्लास D) डर
5. हम किसके संग रहना है ? ( )
   A) दुर्जन B) बेईमान C) सज्जन D) बुद्धू

II. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखो । $6 \times 3 = 18$

5. प्रकृति के बेजोड कवि माने जाने वाले सुमित्रानंदन पंत जी का परिचय दीजिए ।
6. पाप के बल पर अर्थ ग्रहण करना उचित है या नहीं । समझाइए ।
7. हामिद का दिल क्यों बैठ गया ?
8. लोकगीतों के बारे में आप क्या जानते हैं ?
9. शांति की परिभाषा क्यो हो सकती है ? बताइए ।
10. मंदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्‍ध कर दिखाया है ?

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर दस पंक्तियों में लिखिए । $1 \times 6 = 6$

11. 'बरसते बादल' कविता में प्रकृति का सुंदर चित्रण है । अपने शब्दों में लिखिए ।
12. "मेहनत ही सफलता की कुंजी है" । कण-कण का अधिकारी पाठ के द्वारा स्पष्ट कीजिए ।

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर दस पंक्तियों में लिखो । $1 \times 6 = 6$

13. दादी और पोते के बीच जो मार्मिक प्रेम है, "ईदगाह" कहानी के द्वारा स्पष्ट कीजिए ।
14. लोकगीतों में ग्रामीण जनता की भावनाएँ हैं । अपने शब्दों में इसे सिद्‍ध कीजिए ।

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । $1 \times 5 = 5$

15. तुम्हारी पाठशाला में मनाये गये स्वतंत्र दिवस का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखो ।
16. किसी कारण पाँच दिन की छुट्‍टी माँगते हुए प्रधानध्यापक के नाम पत्र लिखो ।

VI. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए । $1 \times 5 = 5$

17. आज-कल के वैज्ञानिक युग में कंप्यूटर का अधिक महत्व है । अपने शब्दों में लिखो ।
18. पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ने के कौन से कारण हो सकते हैं । स्पष्ट कीजिए ।

## S-28-B

# MID TERM EXAMINATIONS (2018-19)

**Second Language - HINDI**

**PART - B**

**Class : X** **(Max. Marks : 20)** **Marks : 20**

**Name of the student : ...................................................... Roll No : .................**

**सूचनाएँ :**

1. **भाग – B के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।**
2. **भाग – B के आधे (1/2) घंटे का समय निर्धारित है ।**
3. **प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।**

1. लोकगीत अधिक से अधिक देहातों में गाये जाते हैं । ( )
(रेखांकित शब्द का अर्थ क्या है ?)
A) शहर B) गाँव C) नगर D) मोहल्ला

2. अंग्रेजी विदेशी भाषा है । ( )
(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या है ?)
A) स्वदेशी B) परदेशी C) विदूषी D) अन्यदेशी

3. दिन के तम में सपने जागते मन के। ( )
(रेखांकित शब्द का तत्सम रूप क्या है ?)
A) सपाने B) सपन C) स्वप्न D) सुपन

4. यह कैसा बैसमझ लडका है ? (उपसर्ग पहचानो) ( )
A) बेस B) बेसम C) समझ D) बे

5. लोकगीत शास्त्रीय संगीत से भिन्न है । (प्रत्यय पहचानो) ( )
A) ईय B) स्त्रीय C) स्त्रेय D) तीय

6. भारतीवासी दुनिया को पावन धाम बनाना चाहते हैं । ( )
(रेखांकित शब्द का संधिविच्छेद करो)
A) पो + अन B) पा + वन C) पौ + अन D) पौ + यवन

P.T.O

7. मैं <u>सुबह - शाम</u> व्यायाम करता हूँ। (समास पहचानो) ( )

A) द्विगु B) तत्पुरुष C) द्वंद्व D) कर्मधारय

8. '1995' को हिन्दी अक्षरों में पहचानो। ( )

A) उन्नीस सौ पचासी B) उन्नीस सौ पचानवे

C) उन्नीस सौ पचहत्तर D) उन्नीस सौ पचपन

9. <u>मोहिसिन</u> के पास पंद्रह पैसे हैं ? ( )

(रेखांकित शब्द का शब्द भेद क्या है ?)

A) संज्ञा B) विशेषण C) सर्वनाम D) क्रिया

10. ऊर्वशी कृति के लिए इन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था।

(सर्वनाम पहचानो) ( )

A) ऊर्वशी B) इन्हें C) के लिए D) पुरस्कार

11. डा. रामधारी सिंह दिनकर हिन्दी के <u>प्रसिद्ध</u> कवि है। ( )

(रेखांकित शब्द क्या है ?)

A) प्रत्यय B) संज्ञा C) विशेषण D) क्रिया

12. हामिद अपनी दादी के लिए चिमटा लाया है। ( )

(वाक्य में क्रिया को पहचानो)

A) हामिद B) अपनी C) चिमटा D) लाया है।

13. लडका साइकिल <u>तेजी से</u> चलाता है। ( )

(व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है ?)

A) सर्वनाम B) क्रिया C) विशेषण D) क्रिया विशेषण

14. सुभद्रा कुमारी चौहान प्रसिद्ध <u>लेखिका</u> है। ( )

(रेखांकित शब्द का पुंलिंग रूप क्या है ?)

A) लेखकें B) लेखक C) लेखकी D) लेखका

15. हम धरती —— स्वर्ग बनायेंगे (सही कारक चिह्न से भरो). ( )

A) को B) से C) की D) का

16. मज़दूर काम कर रहा है । (वाक्य का बहुवचन रूप पहचानो) ( )

A) मज़दूरें काम कर रहा हैं । B) मजदूरों काम कर रहे हैं ।

C) मज़दूर काम कर रहे हैं । D) मज़दूर काम कर रही हैं ।

17. शुद्ध रूप पहचानिए । ( )

A) मैं मेरे देश से प्यार करता हूँ । B) मैं अपने देश से प्यार करता हूँ ।

C) मैं मेरे देश को प्यार करता हूँ । D) मैं अपने देश से प्यार करता है ।

18. सही क्रमवाला वाक्य पहचानो । ( )

A) ज्यादा हैं सबसे लड़के प्रसन्न । B) प्रसन्न हैं लडके ज्यादा सबसे ।

C) लड़के ज्यादा प्रसन्न सबसे हैं । D) लड़के सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं ।

19. मैं ने चोर रोटियाँ खायी । (काल पहचानो) ( )

A) वर्तमान काल B) भूतकाल

C) भविष्यतकाल D) तत्कालीन वर्तमानकाल

20. 'माथे पर हाथ रखना' मुहावरे का अर्थ क्या है ? ( )

A) खुश होना B) गुस्सा होना

C) प्रसन्न होना D) अफसोस होना ।